**प्रतिवेदन**

**सात दिवसीय विशेष शिविर (15 मार्च से 21 मार्च 2024) का पहला दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 15 मार्च 2024**
**दिन - शुक्रवार**

आज दिनांक 15/03/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई-जी ) डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर की उद्घाटन रविदास पार्क के परिसर में हुआ, जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुआ। यह आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। पहले दिन शिविर के प्रथम सत्र का उद्घाटन, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय एवं मुख्य अतिथि डॉ राम नारायण मीणा के द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना, इसके उद्देश्य व कार्यशैली मुख्य रूप से प्रकाश डाला और कहा कि यह कार्य निःस्वार्थ भाव से करना चाहिए। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेवकों को अपने राष्ट्र और समाज के प्रति मानवता के कल्याण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना था।






आज का शिविर लंका स्तिथ रविदास पार्क में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्वयं सेवकों ने व्यक्तिगत बातचीत की। फिर स्वयं सेवक गोविंद नारायण वैभव, शशांक पांडे, श्रद्धा साहू ने कविता विमोचन किया एवं निखिल सोनी ने महिला सशक्तकरण पर अपने विचार व्यक्त किया।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो मिश्रीलाल जी (संकाय प्रमुख, डी ए वी पी जी कालेज) ने अपने व्याख्यान से स्वयं सेवकों में उत्साह और उमंग भर कर किया। राष्ट्र सेवा, युवा पीढ़ी व नैतिक मूल्यों पर उन्मुखीकरण मुख्य विषय रहा। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी ही नए भारत का नीव रख सकती है। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका युवा वर्ग के

कंधो पर है। अल्पाहार के उपरांत, कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में नगवां क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि श्री रविन्द्र सिंह जी ने नगवां क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों सकारात्मक कार्य एवं उसके महत्व के विषय में अवगत कराया। अमेरिका के  डॉ. माइकल टी बैंकोन जो वाराणसी में वेंचर इंग्लिश इंस्टीट्यूट के निदेशक हैं, ने अपने एक दशक से भारत में रहने का अनुभव साझा किया। साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति व परम्परा एवं संगीत में उसके प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किया। संगीत समाज का दर्पण होते हैं और किस प्रकार युवाओं को प्रभावित करता है, इसकी जानकारी दी साथ ही  मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने  कीर्तन के साथ अपने वाणी को विराम दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन हुआ। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।







इस प्रकार कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

**सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 16 मार्च 2024**
**दिन - शनिवार**

आज दिनांक 16/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य योग और ध्यान का अभ्यास करना तथा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सेवकों को जागरूक करना था।






GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
72M5+GM, Dumraon Colony, Varanasi, Uttar Pradesh 221005, India
Lat 25.283827°
Long 83.008902°
16/03/24 08:24 AM GMT +05:30
Google


संतगुरू रविदास स्मारक एवं पार्क,नगवां
संत रविदास पार्क
YES BANK




आज का शिविर रविदास घाट पर आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान विभिन्न आसनों और प्रयाणाम का अभ्यास कराया गया। कार्यकर्म के अतिथि के रूप में श्री रविशंकर योग फाउंडेशन से संबद्ध डॉ आनंद और योग ट्रेनर अर्पित उपस्थित थे। उन्होंने स्वयं सेवकों को ताड़ासन, वक्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, सूर्य

नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि योग और ध्यान करने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। नियमित अभ्यास से हमारा ध्यान एकाग्र होता है और ध्यान करने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है। योग और ध्यान सदियों पुरानी भारतीय परंपराएं हैं जो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहने में हमारी मदद करती हैं। सभी स्वयं सेवकों ने पूरे जोश के साथ अभ्यास किया।




फिर स्वयं सेवकों ने वाराणसी नगवा स्तिथ बस्तियों में सर्वे निरीक्षण किया जिसका विषय वहां रहने वाले बच्चों की शिक्षा था। सर्वे का उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चो को पहचान कर उनके नामांकन हेतु जागरूकता फैलाना था।



अस्सी नदी के तट पर स्थित आश्रय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मून लाइट एकेडमी जो शिक्षा से वंचित बच्चो को नि:शुल्क औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रदान करती है। स्वयं सेविका निष्ठा सिंह, ईशा बिस्वास, सोनाली सिंह एवं स्वयं सेवक निखिल सोनी व अभिषेक पाण्डेय ने एकेडमी में पढ़ रहे बच्चों से मिले एवं उनका हौसला बढ़ाया। सभी ने एकेडमी के शिक्षकों से पारस्परिक विचार-विमर्श किया तथा एकेडमी का उद्देश्य एवं कार्यशैली को जाना।




फिर स्वयं सेवकों ने कविता विमोचन, वाद-विवाद व अन्य पाठ्येतर गतिविधियां में भाग लिया।



इस प्रकार कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ
।

**सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 17 मार्च 2024**
**दिन - रविवार**

आज दिनांक 17/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं एन. एस. एस. ताल से किया गया। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य गंगा स्वच्छता पर जागरूकता अभियान था। जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने अस्सी घाट की साफ़ सफ़ाई की जिसका नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने किया। सभी स्वयं सेवकों ने बड़े उत्साह के साथ सफाई और जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया और गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ ली।




राष्ट्रीय सेवा योजना
UNIT-G
नियमित/विशेष शिविर
डी० ए० वी० पी० जी० कॉलेज, वाराणसी
GPS Map Camera
MAA GANGA & NAVDURGA TEMPLE





कार्यकर्म के अतिथि के रूप में काशी कल्चरल ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक श्री प्रमोद दूबे ने स्वयं सेवकों को गंगा व उसके महत्व के बारे में बताया तथा इसे स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर अतिथि को

सम्मानित किया।




स्वयं सेवकों ने अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।




" गंगा नदी नही संस्कार है, देश का श्रृंगार है" उद्घोष के साथ कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# DAV PG COLLEGE, VARANASI
(Admitted to the privileges of Banaras Hindu University)
## National Service Scheme
Unit - G

**सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 18 मार्च 2024**
**दिन - सोमवार**

आज दिनांक 18/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं एन. एस. एस. ताल से किया गया। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेवकों को फील्ड विजिट के माध्यम से जागरूक एवं शिक्षित करना था।




सत्र की शुरुआत रविदास घाट पर "सड़क सुरक्षा, जीवन- रक्षा" के थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक से हुआ। जिसमें स्वयं सेवको ने नशे में वाहन चलाने के दुष्परिणाम, वाहन चालक के लिए हेलमेट की उपयोगिता एवम यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभ पर आधारित नाटक प्रस्तुति द्वारा लोगो को सजग किया गया।




जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने अस्सी नदी पर स्थित नेशनल मिशन फ़ॉर क्लीन गंगा के तहत बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और उसके उद्देश्य, कार्य प्रणाली और महत्व को जाना। यह एस. टी. पी. गंगा को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यहां दूषित जल को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थ को अलग कर उससे खेती युक्त खाद्य बनाया जाता है और उत्पाद स्वरूप साफ़ जल को गंगा में प्रवाहित कर दिया जाता है।


राष्ट्रीय सेवा योजना
UNIT-G
नियमित/विशेष शिविर
डी० ए० वी० पी० जी० कॉलेज, वाराणसी
डॉ. मनीषा सिंह
GPS Map Camera


राष्ट्रीय सेवा योजना
UNIT-G
नियमित/विशेष शिविर
GPS Map Camera


GPS Map Camera




फिर कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवकों ने नगवां स्तिथ प्राथमिक कन्या विद्यालय में बच्चों से इंटरेक्शन कर उन्हे प्रेरित किया। सभी स्वयं सेवकों ने बड़े उत्साह के साथ बच्चों से बातचीत की और शिक्षकों से उनके स्कूली

दिनचर्या व प्रबंधन के बारे में जाना। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने शिक्षिका निधि राय को उनके योगदान के लिए आंगवस्त्र से सम्मानित किया।




लंका थाना के अवर निरीक्षक (एस.आई.) नंद कुमार ने स्वयं सेवकों को साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया, इंटरनेट पर होने वाले धोखाघड़ी से बचाव एवं संभव निवारण के उपाय बताए। कांस्टेबल पूनम ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में जानकारी दी और उत्तर प्रदेश पुलिस के ' सुरक्षा भी, सम्मान भी' कैंपेन के बारे में बताया।



इस प्रकार कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 19 मार्च 2024**
**दिन - मंगलवार**

आज दिनांक 19/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता रैली द्वारा लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होने के लिए लोगों को प्रेरित करना था।




शिविर की शुरुआत 5:00 बजे गंगा सेवा समिति द्वारा आयोजित सुबह-ए-बनारस एवं गंगा आरती से हुआ। साथ ही स्वयं सेवकों ने योगाभ्यास भी किया। साथ ही स्वयं सेवको ने साथ ही स्वयं सेवको ने बीएचयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रेमकिशोर मिश्रा जी का सितार वादन सुना।














सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं एन. एस. एस. ताल से किया गया। फिर सभी स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और लोगों से बढ़ चढ़ कर वोट डालने की अपील की। यह रैली अस्सी घाट से महानिर्वाणी घाट तक पहुंची।




अगले सत्र की शुरुआत महानिर्वाणी घाट पर "  भ्रष्टाचार" के थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक से हुआ। जिसमें स्वयं सेवको ने भ्रष्टाचार से समाज में होने वाले नुकसान के बारे में बताया। ईमानदारी पूर्वक विधि नियमों के पालन से होने वाले लाभ पर आधारित प्रस्तुति द्वारा लोगो को सजग किया गया।




फिर कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवकों ने म. सा. राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान,भारत सरकार से संबद्ध श्री पट्टाभिराम शास्त्री वेदमीमांसा अनुसंधान केन्द्र विजिट किया और वेदाध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से इंटरेक्शन किया। सभी स्वयं सेवकों ने बड़े उत्साह के साथ विद्यार्थियों से बातचीत की और गुरुजनों से वेदविद्या और शास्त्रीय विद्या के बारे में जाना।




" प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं, रिश्ते नाते खूब निभाओ पर पहले मतदान कराओ" जैसे नारों के उद्घोष से पुनः सभी स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सभी लोगों को लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। रैली का समापन तुलसी घाट पर हुआ।






तत्पश्चात स्वयं सेवक भदैनी स्थित रानी लक्ष्मीबाई के जन्म स्थल पहुंचे। वहां कार्यक्रम अधिकारी ने सभी स्वयं सेवकों को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जन्मस्थली से और उस स्थल की ऐतिहासिकता से रूबरू कराया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई में महानायिका के योगदान पर प्रकाश डाला।



" सन् 57 में चमक उठी वह तलवार पुरानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी" के उद्घोष के साथ कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


**DAV PG COLLEGE, VARANASI**
(Admitted to the privileges of Banaras Hindu University)
**National Service Scheme**
Unit - G

**सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 20 मार्च 2024**
**दिन - बुधवार**

आज दिनांक 20/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति अभियान से समाज में जागरूकता फैलाना थी।




शिविर की शुरुआत सीर गोवर्धन स्थित श्री गुरु रविदास पार्क में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं एन. एस. एस. ताल से किया गया।




सत्र की शुरुआत श्री गुरु रविदास भवन में हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने स्वयं सेवकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया और युवाओं को इन सब चीजों से दूरी बनाए रखने की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि आजकल नशा सिर्फ नशीली वस्तुओं, पदार्थो का ही नही बल्कि मोबाइल फोन, वीडियो गेम्स और जुआ का भी होता है अथवा किसी भी प्रकार का नशा सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक रूप से हानिकारक होता है।

फिर स्वयं सेवकों ने अपनी अनुभव साझा कर जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया। शिवम् पांडेय, श्रद्धा साहू, वमिका बहेती, निखिल सोनी, शक्ति स्वरूप सिंह इत्यादि स्वयं सेवकों ने विषय वस्तु पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किया, क्षेत्रीय भाषा में गायन से सभी ने अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया।




अगले सत्र की शुरुआत "  नशा मुक्त भारत" के थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक से हुआ। स्वयं सेवकों ने अपने नाटक के माध्यम से नशा से होने वाले दुष्प्रभावों को दिखाया और इससे बचने के लिए सभी को जागरूक किया। स्वयं सेवक शिवम पाण्डेय, सुधांशु कुमार, आरिन आग्रहरी, अमित कुमार, निकिता गुप्ता, निष्ठा सिंह, सलोनी गौर, ईशा बिस्वास और श्रीकांत यादव आदि नाटक में शामिल थे।



कार्यक्रम के अतिथि के रूप बीएचयू ब्लड बैंक के समन्वयक आशुतोष कुमार ने स्वयं सेवकों को रक्तदान के बारे में बताया और रक्तदान से संबंधित सामान्य गलत धारणाओ को ध्वस्त किया।







" है सभी का एक सपना, नशा मुक्त हो भारत अपना" के उद्घोष के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**DAV PG COLLEGE, VARANASI**
(Admitted to the privileges of Banaras Hindu University)
**National Service Scheme**
**Unit - G**

**सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिन**
**इकाई - जी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी**
**कार्यक्रम अधिकारी - डॉ. मनीषा सिंह**
**दिनांक - 21 मार्च 2024**
**दिन - गुरुवार**

आज दिनांक 21/03/2024 को इकाई-जी राष्ट्रीय सेवा योजना, डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह के संरक्षण में हुआ। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस साप्ताहिक शिविर के दौरान प्राप्त मूल्यों का अनुसरण करते हुए स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं के साथ विदाई देना था।




शिविर की शुरुआत रविदास घाट पर राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं एन. एस. एस. ताल से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी के प्रधानाचार्य डॉ सत्यागोपाल जी थे। कार्यक्रम अधिकारी ने उन्हें अंगवस्त्र व मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमूर्ति भेट स्वरूप दिया।




सत्र की शुरुआत में प्रोफ़ेसर राजेश झा ने सप्त दिवसीय विशेष में आयोजित सभी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया। स्वयं सेवकों ने भी अपने अपने निजी अनुभव साझा किया। इनमें शिवम पाण्डेय, सलोनी गौड़, सुधांशु पाण्डेय और अनीश तिवारी शामिल थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज कल्याण के साथ व्यक्तित्व विकास भी है।




कार्यक्रम के अतिथि के रूप डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी के प्रधानाचार्य डॉ सत्यागोपाल जी ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया और सप्त दिवस विशेष शिविर का आयोजन और सफलतापूर्व समापन पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा सिंह व सभी स्वयं सेवकों को बधाई दी। उन्होंने के जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सही तरीके और नजरिए पर जोर दिया।




अगले सत्र में लंका थाना से अवर निरीक्षक (एस. आई.) हृदया गुप्ता, बिन्नी रानी गौड़ और कांस्टेबल पूनम, अंजू ने सभी से साइबर सुरक्षा के बारे मे जानकारी साझा की और इंटरनेट पर आपराधिक गतिविधियों के बारे में सचेत किया।




फिर स्वयं सेवकों ने रविदास घाट पर साफ सफाई किया।



इस तरह कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।